# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक टली

**ओरछा में 18-19 जुलाई को होना थी, अब अगस्त में होने के आसार**

**विधानसभा सत्र और दतिया उपचुनाव बनी वजह**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जुलाई. प्रदेश की धार्मिक और पवित्र नगरी में शामिल ओरछा में होने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक टल गई है. अब दो दिनी कार्यसमिति की बैठक अगस्त में होने की संभावना है. भाजपा प्रदेश संगठन ने 18 और 19 जुलाई को ओरछा में यह बैठक करने की योजना बनाई थी.**

इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच सहमति बन गई है. मुख्यमंत्री से मिलने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल गुरुवार को सीएम हाउस पहुंचे थे. उन्होंने पहले गुरुवार को ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा मे आने वाले राकेश सिंह यादव को सीएम से मिलवाया, उसके बाद उन्होंने सीएम से अलग से चर्चा की, जिसमें दूसरे विषयों के साथ कार्यसमिति की बैठक को लेकर भी चर्चा हुई.

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्कूल ऑफ गुड गवर्नेंस जाने का कार्यक्रम था, लेकिन आज के राजनीतिक घटनाक्रम की पूर्व सूचना के बाद उन्होंने सुशासन स्कूल जाने का कार्यक्रम टाल दिया. यहां वे केंद्र-राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर किए गए पत्राचारों की समीक्षा के साथ ही प्रशासनिक विषयों को लेकर अफसरों से चर्चा करने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने सीएम हाउस में ही पत्राचारों से जुड़े विषयों को लेकर समीक्षा की. वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में संगठन से जुड़े विषयों को लेकर चर्चा हुई. बताया जा रहा है कि इसी बैठक के बाद भाजपा संगठन ने ओरछा में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की दो दिनी बैठक को फिलहाल टालने का निर्णय लिया.

**विधानसभा का मानसून सत्र और उपचुनाव बने मुख्य वजह**

बैठक को स्थगित करने के लिए विधानसभा का मानसून सत्र और दतिया विधानसभा उपचुनाव को वजह बताया गया है. दरअसल विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है. ये सत्र बेहद हंगामेदार रहने के आसार बन रहे हैं, इसलिए सरकार भी इसी स्तर पर तैयारियों में लगी हुई है. ये सत्र मप्र विधानसभा के लिए ऐतिहासिक भी हो सकता है, यह इसलिए कि इसी सत्र में मप्र में यूसीसी लागू करने क लिए विधेयक पेश किया जा सकता है.

वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट भी पेश हो सकता है. कम से कम 5 महत्वपूर्ण विधेयक पेश हो सकते हैं. ऐसे में सरकार को अतिरिक्त तैयारियां करने की जरुरत है. कार्यसमिति की बैठक विधानसभा सत्र के ठीक एक दिन पहले तक होना था, कार्यसमिति में प्रदेश के लगभग आधे मंत्री शामिल हैं. ऐसे में सत्र के लिए उनकी तैयारियां प्रभावित हो सकती थीं. वहीं दूसरा मामला प्रतिष्ठापूर्ण दतिया विधानसभा उपचुनाव है. यहां 30 जुलाई को मतदान होना है. कार्यसमिति में नेताओं के दो दिन तक व्यस्त रहने से यहां चुनाव प्रचार प्रभावित हो सकता था. इसे भी ध्यान में रखते हुए फिलहाल बैठक को टालना ही बेहतर समझा गया. अब कार्यसमिति की बैठक अगस्त में होने की संभावना जताई जा रही है.

## पद्म पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, 9 जुलाई.** गृह विभाग द्वारा पद्म पुरस्कार वर्ष 2027 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण एवं उल्लेखनीय योगदान देने योग्य व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए गए हैं. कला, समाज सेवा, लोक कार्य, विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, सिविल सेवा, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपना आवेदन कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त आध्यात्म, योग, वन्यजीव संरक्षण, कृषि, जमीनी नवाचार, पुरातत्व एवं वास्तुकला जैसे क्षेत्रों के लिए भी नामांकन स्वीकार किए जाएंगे.

इच्छुक योग्य व्यक्ति अपना नामांकन जिला कलेक्टर के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन के पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं. वहीं, भारत सरकार को सीधे नामांकन भेजने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल का उपयोग भी किया जा सकता है.

# बुजुर्ग दंपति हत्याकांड : दो संदिग्धों के फोटो जारी

**सूचना देने वाले की पहचान रहेगी गोपनीय, मिलेगा 50 हजार का इनाम**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 9 जुलाई. ऐशबाग थाना पुलिस बुजुर्ग दंपति हेमंत फिलेमोन और शकुंतला बारीक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों के फोटो जारी किए हैं. जनता से पहचान की अपील की है. सूचना देने वाले को 50 हजार रुपए के इनाम दिया जाएगा. वारदात के तीन सप्ताह बाद भी आरोपी पकड़े नहीं जा सके हैं.**



पुलिस के मुताबिक दोहरे हत्याकांड की विवेचना के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज मिले हैं. यदि कोई भी व्यक्ति इन संदिग्धों को जानता अथवा पहचानता हो या इनके बारे में किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी रखता हो, तो इस जानकारी अथवा सूचना थाना प्रभारी ऐशबाग (9329540284) एसीपी क्राइम ब्रांच भोपाल (9425959379) पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल (07552555922) दे सकते हैं. सही सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा. सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पहचान एवं अन्य सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी. बुजुर्ग दंपति हत्या के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है. पुलिस हत्याकांड के खुलासे को लेकर लगातार कड़ियां जोड़ रही है. वारदात के करीब तीन सप्ताह बाद भी आरोपी अभी भी पकड़े नहीं गए हैं.

> पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, जिसमें दो संदिग्धों को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है. इसके साथ ही बुजुर्ग दंपति के कई रिश्तेदारों और किराएदारों से पुलिस पूछताछ कर चुकी है.

# महिलाओं को राजनीति से जोड़ने पर जोर

**युवा कांग्रेस की बैठक में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा**

**नवभारत न्यूज**

**बैरसिया, 9 जुलाई. बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सदफ खान ने शक्ति अभियान के तहत बैठक आयोजित की. बैठक में उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को राजनीति से जोड़ने और उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, ताकि महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान और अवसर मिल सके.**



बैठक का आयोजन महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव राजकुमारी सुंदरलाल केवट द्वारा किया गया. इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने विचार साझा किए. सदफ खान ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी की सोच है कि शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाएं राजनीति के साथ-साथ अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी आगे बढ़ें और नेतृत्व की भूमिका निभाएं.

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद अखंड प्रताप सिंह, प्रदेश महासचिव रोहित राजोरिया, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल मंडलोई, पार्षद एवं विधानसभा अध्यक्ष भाग्यश्री चंचल खत्री, पार्षद पप्पी प्रेम यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष राज मेहर, हरेंद्र राजपूत एवं रुद्र राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## विशेष राजस्व वसूली शिविर आज लगेंगे

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 9 जुलाई.** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को सभी वार्ड कार्यालयों में विशेष राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा. शिविर में सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की अग्रिम राशि जमा करने पर विशेष छूट दी जाएगी. निगम के सभी वार्ड कार्यालयों में सुबह 9 बजे से शिविर आयोजित किये जायेंगे. नगर निगम द्वारा पूर्व से ही 31 अगस्त 2026 तक सम्पत्तिकर जमा करने वालों को वार्षिक भाडा मूल्य में 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही है.

# पेंशन की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले जनप्रतिनिधि

- **जरूरतमंद परिवारों से जुड़े मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन**
- **गरीबों के बीपीएल कार्ड शीघ्र बनाने की रखी मांग**

**नवभारत न्यूज**

**बैरसिया, 9 जुलाई.बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की. प्रतिनिधिमंडल में शामिल सरपंचों एवं जनपद सदस्यों ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों से जुड़े मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की.**



जनप्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्र के अनेक पात्र हितग्राहियों के बीपीएल कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं, जिसके कारण गरीब परिवार शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं. उन्होंने भूमिहीन एवं पात्र वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत नहीं होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की.

प्रतिनिधिमंडल में घनश्याम शर्मा जनपद सदस्य प्रतिनिधि, नेतराम लोधी जनपद सदस्य, भूपेंद्र पुष्पा जाट जनपद सदस्य, पतिराम राजपूत 'कक्का' जनपद सदस्य, विजय शर्मा सरपंच, करोंदिया, राजू साहू सरपंच, उनीदा, शैलेंद्र भार्गव 'सेलू' सरपंच, दिल्लौद , विनय सिंह ठाकुर सरपंच, पीपलखेड़ा, देवकरण कुशवाह सरपंच, कलारा एवं भूपेंद्र शर्मा सरपंच, जैतपुरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी कांग्रेस

- **सफाई कर्मियों के हक को लेकर लिया फैसला**

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 9 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सफाई कामगार प्रकोष्ठ ने नगरीय निकायों और निजी क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मियों के अधिकारों को लेकर 10 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास के घेराव का ऐलान किया है. प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान के नेतृत्व में यह मार्च दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होगा.**



जयराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग दो दशकों से भाजपा सरकार के शासनकाल में सफाई कर्मियों का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण हो रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान सरकार को 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा जाएगा.

मांगों में नगरीय निकायों में ठेका प्रथा समाप्त करने, वर्षों से कार्यरत अस्थायी एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, एक लाख नए सफाई कर्मियों के पद सृजित करने, आरक्षण का दायरा बढ़ाने, तीन प्रतिशत पृथक आरक्षण देने तथा जोखिमपूर्ण कार्य के लिए प्रतिमाह ?5,000 विशेष भत्ता देने की मांग शामिल है.कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि सीवर और नालों की सफाई के दौरान जान गंवाने वाले सफाई कर्मियों के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, शहीद का दर्जा और समुचित पुनर्वास प्रदान किया जाए.

समाचार लिखे जाने तक भाजपा सरकार की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी.

## कार ने बकरियों और भेड़ों को कुचला, 22 की मौत

**सलामतपुर.** भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-45 बायपास पर गौहरगंज के पास गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे भेड़-बकरियों के झुंड को बेरहमी से रौंद दिया. इस भीषण दुर्घटना में 22 भेड़-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, 15 भेड़-बकरी गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा भारत पेट्रोल पंप के समीप हुआ. कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूडी 9922 तेज गति से भोपाल-जबलपुर मार्ग हाईवे पर जबलपुर की ओर जा रही थी. रफ्तार इतनी अधिक थी कि चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा. इसी दौरान जब पशुपालक अपनी भेड़-बकरियों के झुंड को लेकर सड़क पार करा रहा था, तभी कार ने उन्हें टक्कर मार दी.

# गेहूं की खरीदी में कमी के कारणों की होगी जांच

- **अपर मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को दिए निर्देश**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जुलाई. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीदी के बाद खरीदे गये गेहूं में कमी की जानकारी सामने आने पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी को गेहूं की खरीदी में पाई गई कमी की गहन समीक्षा करने एवं कमी के कारणों की पहचान कर संबंधित समितियों एवं परिवहनकर्ताओं से उसकी पूर्ति कराने के निर्देश दिये हैं.**

इन निर्देशों के मद्देनजर अपर मुख्य सचिव खाद्य ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिये हैं कि कमी के संबंध में जिला उपार्जन समिति कारणों का पता लगाये एवं कमी की पूर्ति के लिए संबंधित समितियों अथवा परिवहनकर्ताओं से वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करें. समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी में तुलाई, परिवहन, भंडारण आदि के हैंडलिंग कार्य में उपार्जित किये गये गेहूं की मात्रा में प्रति क्विंटल कुछ कमी आना एक सामान्य प्रक्रिया है. पिछले वर्षों में प्रति क्विंटलऔसतन 176 ग्राम कमी देखने में आती थी. जबकि इस वर्ष गेहूं की खरीदी में 70 ग्राम प्रति क्विंटल की कमी देखने में आई है, इस वर्ष गेहूं की खरीदी लगभग 30 प्रतिशत अधिक होने के बाद भी प्रति क्विंटलगेहूं की खरीद में कमी की मात्रा काफी कम रही है.

**परिवहनकर्ताओं से की जाती है कमी की वसूली**

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का समस्त कार्य जिला कलेक्टर की अध्यक्षता के गठित जिला स्तरीय उपार्जन समिति के माध्यम से किया जाता है. यह एक सामान्य प्रक्रिया है कि गेहूं की खरीद में पाई गई कमी की प्रतिपूर्ति जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा ही संबंधित समितियों/परिवहनकर्ताओं से वसूली कर की जाती है. जिला स्तरीय समिति द्वारा यह सुनिशचित किया जाता है कि जिले में उपार्जित गेहूं में शासन को किसी प्रकार की आर्थिक क्षति न होने पाये.

# शहर में डेंगू और चिकनगुनिया का डंक

■ 2 लाख से अधिक घरों में खंगाला लार्वा ■ 4 डेंगू और 9 चिकनगुनिया मरीज पॉजिटिव

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 9 जुलाई.मानसून की दस्तक के साथ ही शहर में मच्छरों से पनपने वाली बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ने लगा है.जिसके लिये जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचाव व रोकथाम के लिए शहरभर में अभियान चलाया जा रहा है.**




स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जनवरी से लेकर अब तक शहर के 2 लाख 24 हजार 434 घरों का सघन सर्वे किया है.जिसमें विभाग को 5 हजार 269 घरों के भीतर मच्छरों का खतरनाक लार्वा पनपता हुआ मिला है.इसके अलावा टीमों ने कुल 16 लाख 47 हजार 992 पानी के कंटेनरों और टंकियों की जांच की. जिसमें से 5 हजार 776 कंटेनरों में लार्वा की पुष्टि हुई है.वहीं स्थिति को देखते हुए टीम ने 2 हजार 181 कंटेनरों को मौके पर ही खाली करवाया और 3 हजार 595 कंटेनरों में लार्वा नष्ट करने वाली लार्वीसाइट दवा भी डाली.

**मलेरिया के 4 मरीज मिले**

मलेरिया कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर अब तक 1 लाख 21 हजार 39 लोगों के खून के सैंपल लेकर मलेरिया की जांच की गई. जिसमें से 4 मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं.जबकि शहर में डेंगू के अब तक 2 हजार 730 संभावित डेंगू मरीजों के सैंपल जांचे गये. जिसमें से 44 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है.वहीं चिकनगुनिया के 615 संभावित जांचों में 9 मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं. मलेरिया विभाग ने शहर के सभी 21 जोनों में एक साथ बड़ी कार्रवाई की है.

# गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना का फिर खुला पोर्टल

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 9 जुलाई. प्रदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं के लिए गांव की बेटी योजना और प्रतिभा किरण योजना का पोर्टल एक बार फिर से खोल दिया गया है.**

जिसके तहत स्कॉलरशिप फॉर्म भरने से वंचित रह गईं पात्र छात्राओं को एक अंतिम अवसर प्रदान किया है. उच्च शिक्षा विभाग ने स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पर आवेदन करने की लिंक को एक बार फिर से सक्रिय कर दिया है. जिसके बाद विभाग छात्राएं पिछले सत्र में किसी भी कारणवश अपना नया आवेदन या नवीनीकरण का फॉर्म जमा नहीं कर पाई थीं. वे अब 10 से लेकर 20 जुलाई तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी.

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**सं.-बीपीएल/एलसी/टी/663 आर दिनांक 07.07.2026**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (कार्य) प.म.रे., निर्माण कार्यालय भवन, डी.आर.एम. ऑफिस के पास रानीकमलापति,भोपाल-462024 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदायें प्रतिष्ठित ठेकेदारों से, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा क्रमांक**-बीपीएल/ एलसी/ टी/ 663आर, **कार्य का विवरण**-अनइलेक्ट्रिफाइड साइडिंग के विद्युतीकरण कार्य के अंतर्गत आरकेएमपी, भोपाल एवं गुना यार्ड में इनफ्रिंजिंग एलटी ओवरहेड लाइन के स्थान पर एलटी केबल से बदलना एवं लाईटिंग व्यवस्था में संशोधन कार्य हेतु। **कार्य पूर्ण करने की अवधि**-03 माह, **अनुमानित कीमत** रू.-27,80,653.50/-, **बयाना राशि** रू.-55,600/-, **टेंडर फार्म की कीमत** रू.-निल, **टेंडर बंद होने का दिनांक**-30.07.2026 (15.00 बजे), ई-निविदा की पूर्ण जानकारी IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर एवं इस कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है ई-बिड के अलावा कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। इस प्रकाशन में शुध्दिपत्र/ संशोधन यदि हो तो केवल उपरोक्त वेबसाइट पर दिखाई देगा और इसे कहीं और प्रकाशित नहीं किया जायेगा। (हस्ता.)
**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) भोपाल**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**नाम परिवर्तन**
**मेरा पूर्व का नाम SAHIDA BI था उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम SHAHIDA BEE कर लिया है । अतः मुझे SHAHIDA BEE के नाम से जाना व पहचाना जाए ।**
**पता- JHAMAR, PO ANDHIYARI, GAIRATGANJ, RAISEN, M.P.**

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं, श्रीमती जमुना पत्नी श्री यशवंत सिंह निवासी-घाटपिपरिया मुलताई बैतूल जिला बैतूल म.प्र. -460663
यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम यमुना दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम **जमुना** है मै इसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूॅं। उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है।
यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम **जमुना** दर्ज किया जाये।

**REQUIRED**
A Reputed CBSE School in Raipur Require Principal as per CBSE norms.
**(1) Post Graduation – With 50% or above marks. (Post Graduation in Science will be preferred)**
**(2) B.Ed.**
**(3) Teaching experience – Minimum 10 years in CBSE School.**
Post your Resume on Whats App Number
**9827145244, 9827146626**
Or
Email your Resume on shrivastava63@yahoo.co.in

**नाम परिवर्तन**
**मैं** सुरज्ञानी प्रसाद मिश्रा आत्मज श्री अनुसुइया प्रसाद मिश्रा H.No. 250/1 वार्ड नं. 10, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) पिनकोड-486001 सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पत्नी का नाम अशोक कुमारी मिश्रा है जो कि मेरे सर्विस रिकार्ड में केवल अशोक कुमारी है. भविष्य में अशोक कुमारी मिश्रा नाम से जाना जाए. यही नाम सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए.

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा**
खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001
E-Mail:- deangmcvidisha@gmail.com
Website:- www.gmcvidisha.org
**क्रमांक : 4692/ क्रय शाखा/अ.बि.वा.जी.एम.सी./26** **विदिशा, दिनांक 07/07/2026**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय विदिशा के लिए इम्प्लांट क्रय किये जाने हेतु निविदा आई.डी. 2026_DME_519918_1 द्वारा खुली निविदा दिनांक 14/07/2026 से एम.पी. टेण्डर पोर्टल के माध्यम से प्रकाशित की जाती है. उक्त जारी खुली निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://mptenders.gov.in का अवलोकन कर प्राप्त की जा सकती है.
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा**
**G15435/26**

**लोकायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश लोकायुक्त भवन, भोपाल**
**क्रमांक /605/स्टोर/2026** **भोपाल, दिनांक 6-7-2026**
**वाहन किराये पर उपलब्ध कराने संबंधी ई-निविदा सूचना**
लोकायुक्त कार्यालय, म.प्र. के मुख्यालय एफ-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, सुल्तानिया रोड, भोपाल के कार्यालयीन उपयोग हेतु 05 नग किराये के वाहन कंपनी निर्माता मारुति Victoris, मारुति Grand Vitara, कंपनी निर्माता हुंडई Creta अथवा समकक्ष (Ex-Showroom Price Less Than 12.00 Lakh) उपलब्ध कराने हेतु एजेंसी चयन कार्य के संबंध में ई-निविदा https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है. ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की गई हैं :-
1. मुख्य अभियंता, तकनीकी शाखा, लोकायुक्त कार्यालय, म.प्र. भोपाल के कार्यालयीन कक्ष में निविदा पूर्व बैठक (Pre Bid Meeting) दिनांक 14.07.2026 अपरान्ह 03.00 बजे आयोजित की जावेगी.
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक 17.07.2026 समय सुबह 10.00 से दिनांक 07.08.2026 समय सुबह 10.00 बजे तक.
3. ऑनलाइन प्राप्त निविदाओं में सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं दिनांक 10.08.2026 समय दोपहर 12.00 बजे अथवा उसके उपरांत लोकायुक्त कार्यालय परिसर, भोपाल में खोली जावेगी. तत्पश्चात् तकनीकी निविदाओं में पात्र पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें दिनांक 14.08.2026 समय दोपहर 03.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जावेंगी.
4. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, म.प्र. भोपाल का होगा, इस हेतु पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा.
निविदा संबंधी शेष शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं.
**(विनोद मालवीय)**
**उप संचालक (वित्त)**
**लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल**
**फोन-2545572**
**G15407/26**

**पश्चिम मध्य रेल**
**वाणिज्य शाखा-भोपाल**
**No.:C/BPL/NFR/E-Auction/2026/4** **Date: 07.07.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक , पश्चिम मध्य रेल भोपाल, द्वारा स्टेशन पर मिसलेनियस सामान की ट्रेन साइड वेंडिंग एवं एटीएम के ठेके आवंटन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई-ऑक्शन के केटलॉग्स आईआरईपीएस पोर्टल (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। केटलॉग्स की जानकारी इस प्रकार से है: **Sr.01- (क्र.सं.01 से 03 के लिए) Catalogue number-**C-BPL-NFR-TSV, **(क्र.सं.01 से 03 के लिए) Type of contract-** NFR, **(क्र.सं.01 से 03 के लिए)- Lot no.01-**MSS-BPL-BPL-STGen-39-26-1, **Contract Period-**3 years, **Date and time of e-auction-**21.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.02-**MSS-BPL-BPL-STGen-41-26-1, **Contract Period-**3 years, **Date and time of e-auction-**21.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.03-**MSS-BPL-BPL-STGen-42-26-1, **Contract Period-**3 years, **Date and time of e-auction-**21.07.2026 at 15.00 hrs. **Sr.02-(क्र.सं.04 से 18 के लिए) Catalogue number-**C-BPL-NFR-ATM, **(क्र.सं.04 से 18 के लिए) Type of contract-** ATM, **(क्र.सं.04 से 18 के लिए) Lot no.04-**ATM-BPL-BPL-Gen-45-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.05-**ATM-BPL-ET-Gen-57-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.06-**ATM-BPL-RTA-Gen-50-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.07-**ATM-BPL-BRRG-Gen-46-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.08-**ATM-BPL-SCI-Gen-51-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.09-**ATM-BPL-BAQ-Gen-43-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.10-**ATM-BPL-KKN-Gen-48-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.11-**ATM-BPL-TBN-Gen-55-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.12-**ATM-BPL-BHS-Gen-44-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.13-**ATM-BPL-ET-Gen-56-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.14-**ATM-BPL-HD-Gen-47-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.15-**ATM-BPL-NDPM-Gen-49-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.16-**ATM-BPL-SHRN-Gen-53-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.17-**ATM-BPL-SVPI-Gen-54-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. **Lot no.18-**ATM-BPL-SFY-Gen-52-26-1, **Contract Period-**5 years, **Date and time of e-auction-**17.07.2026 at 15.00 hrs. संपूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्ते एवं अनुबंध की विशेष शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है। (हस्ता.)
**मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेल,भोपाल**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर